# मोक्षधाम मार्ग की बदहाली पर भड़का जनआक्रोश, वर्षों से परेशान वार्डवासी

## वर्षों से परेशान वार्डवासी बोले — क्या अंतिम यात्रा के लिए भी तरसाएगा प्रशासन , बरसात से पहले भी नहीं चेता नगर पालिका प्रशासन, मोक्षधाम तक पहुंचना बना बड़ी चुनौती

**सिवनी नवभारत ।** सिवनी नगर पालिका शहर के कबीर वार्ड स्थित डूडा क्षेत्र का मोक्षधाम आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव और जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहा है। वर्षों वार्ड वीडियो सहित मोक्षधाम तक पहुंचने वाली सड़क बदहाल स्थिति में पड़ी हुई है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते अब तक इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं हो सका है। हर वर्ष बरसात के मौसम में यहां की स्थिति और भयावह हो जाती है, जिससे वार्डवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब जबकि बरसात शुरू होने में कुछ ही दिन शेष हैं, क्षेत्र के लोगों में नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ गहरा आक्रोश देखने को मिल रहा है।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मोक्षधाम तक जाने वाला मार्ग पूरी तरह टूट चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे, कीचड़ और फिसलन होने के कारण यहा से अंतिम यात्रा निकालना भी मुश्किल हो जाता है। लोगों ने बताया कि बरसात के दिनों में स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि शव वाहन मोक्षधाम तक नहीं पहुंच पाता और परिजनों को मजबूरी में शव को कंधों पर उठाकर कीचड़ भरे रास्ते से ले जाना पड़ता है। कई बार लोग फिसलकर गिर चुके हैं और शव तक गिरने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बाद भी स्थिति जस की तस है वार्डवासियों का कहना है कि यह केवल सड़क की समस्या नहीं बल्कि मानव संवेदनाओं से जुड़ा मामला है। किसी परिवार में मृत्यु होने के बाद पहले से दुखी परिजनों को अंतिम संस्कार के समय इस बदहाल व्यवस्था से गुजरना पड़ता है, जो प्रशासन की संवेदनहीनता को दर्शाता है। लोगों का कहना है कि जब किसी परिवार का सदस्य दुनिया छोड़कर जाता है, उस समय उन्हें सम्मानजनक अंतिम यात्रा और अंतिम संस्कार की आवश्यकता होती है, लेकिन यहां की स्थिति देखकर ऐसा लगता है मानो प्रशासन को जनता की पीड़ा से कोई सरोकार ही नहीं है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि मोक्षधाम में मूलभूत सुविधाओं का भी घोर अभाव है। यहां न पीने के पानी की व्यवस्था है, न बैठने की सुविधा और न ही बारिश या धूप से बचने के लिए टीन शेड बनाया गया है। अंतिम संस्कार के दौरान बुजुर्ग और नौजवान युवकों और मोहल्ले वासियों व बच्चे खुले आसमान के नीचे खड़े रहने को मजबूर हो जाते हैं। गर्मी और बरसात के मौसम में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं...

वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार जिला कलेक्टर, क्षेत्रीय विधायक मुनमुन राय, नगर पालिका अध्यक्ष और वार्ड पार्षद संजय भलावी को लिखित शिकायत दी जा चुकी है। इसके बावजूद वर्षों बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। लोगों का कहना है कि हर बार केवल आश्वासन देकर मामले को टाल दिया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार दिखाई नहीं देता। क्षेत्र के नागरिकों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि शहर में कई स्थानों पर सौंदर्यीकरण और अन्य विकास कार्यों पर लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन मोक्षधाम जैसी जरूरी और संवेदनशील जगह को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों ने सवाल उठाया कि क्या प्रशासन के लिए जनता की अंतिम यात्रा से जुड़ी समस्याएं कोई मायने नहीं रखतीं ?

वार्डवासियों का कहना है कि बरसात शुरू होने के बाद यह मार्ग पूरी तरह दलदल में बदल जाएगा और तब हालात और भी गंभीर हो जाएंगे। यदि किसी परिवार में अचानक मृत्यु हो जाए तो अंतिम संस्कार के लिए मोक्षधाम तक पहुंचना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि बरसात शुरू होने से पहले सड़क निर्माण और मोक्षधाम में आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गई तो वे नगर पालिका कार्यालय का घेराव कर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

क्षेत्रीय नागरिकों ने मांग की है कि मोक्षधाम तक पक्की सड़क का तत्काल निर्माण कराया जाए, पानी की व्यवस्था, टीन शेड, बैठने की सुविधा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाएं ताकि लोगों को सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करने में परेशानी का सामना न करना पड़े। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका प्रशासन जनता के इस आक्रोश और संवेदनशील समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है।

### इनका कहना है



मेरे द्वारा नगर पालिका में इस सड़क के लिए पूरी प्रक्रिया कर दी गई है लेकिन ठेकेदार द्वारा इस काम को लेने से मना किया जा रहा है इसके अलावा और भी सड़क है इसमें भी ऐसी स्थिति बनी हुई है

**संजय भलावी पार्षद डूडासिवनी कबीर वार्ड**




मोक्षधाम की सड़क वर्षों से खराब पड़ी हुई है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने आज तक इसकी सुध नहीं ली। बरसात के समय हालात इतने खराब हो जाते हैं कि अंतिम यात्रा ले जाना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार लोग फिसलकर गिर चुके हैं, फिर भी जिम्मेदार अधिकारी केवल आश्वासन देते रहे।

**विनेश चौधरी रहवासी कबीर वार्ड**



मोक्षधाम जैसी जगह पर भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यहां न पानी की व्यवस्था है और न ही टीन शेड बना हुआ है। अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को धूप और बारिश में खड़ा रहना पड़ता है। प्रशासन को इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए।



**लखन कटरे कबीर वार्ड डूडसिवनी**

वार्डवासी कई वर्षों से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन नगर पालिका के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही। बरसात के दिनों में शव वाहन तक अंदर नहीं पहुंच पाता, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



**किशोर रजक कबीर वार्ड डूडसिवनी**



मोक्षधाम तक पहुंचने वाला मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। अंतिम यात्रा के दौरान कीचड़ और फिसलन के कारण लोगों को शव कंधे पर उठाकर ले जाना पड़ता है। यह स्थिति बेहद शर्मनाक है और प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती है।

**विजय उईके कबीर वार्ड डूडसिवनी**



महिलाओं और बुजुर्गों को मोक्षधाम में सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। वहां बैठने की व्यवस्था तक नहीं है। बारिश के समय हालात और भी बदतर हो जाते हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

**आरती भालावी कबीर वार्ड डूडसिवनी**

मोक्षधाम जैसी जरूरी जगह की अनदेखी करना जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। जब किसी परिवार में दुख का माहौल होता है, उस समय उन्हें ऐसी बदहाल व्यवस्था का सामना करना पड़ता है। प्रशासन को जल्द से जल्द सड़क निर्माण और सुविधाओं की व्यवस्था करनी।

**अनीता राठोर कबीर वार्ड डूडसिवनी**

---

### एक नजर में

## नगर कांग्रेस विस्तार, नेहरू को दी श्रद्धांजलि



सिवनी। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गईं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष तनवीर अहमद ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने और पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करने की अपेक्षा जताई। वहीं जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में पेसा मोबिलाइजर्स वर्करों की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में आदिवासी विकासखंडों में कार्यरत लगभग 345 मोबिलाइजर्स की सेवा समाप्ति पर चिंता जताई गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रभावित महिलाओं की बात नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से वीडियो कॉल के माध्यम से कराई। इसके बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर सेवा बहाली की मांग की। कांग्रेस ने कहा कि इन कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त होने से आदिवासी क्षेत्रों में पेसा कानून और शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित होगा। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कार्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने नेहरू को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए संसदीय लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच, औद्योगिक विकास और पंचवर्षीय योजनाओं में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला प्राइवेट चिकित्सक एसोसिएशन का हुआ गठन


**सिवनी।** जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने तथा निजी चिकित्सकों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से जिला प्राइवेट चिकित्सक एसोसिएशन का गठन किया गया। संगठन की नई कार्यकारिणी घोषित करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर डॉ. बसंत राय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपाध्यक्ष पद पर डॉ. प्रफुल्ल श्रीवास्तव, डॉ. एस.आई. मसूरी, डॉ. अजय राय, डॉ. अरविंद सराठे, डॉ. रमेश ठाकुर सहित कई चिकित्सकों को शामिल किया गया है। महामंत्री पद की जिम्मेदारी डॉ. एन.के. ठाकुर को दी गई है। सह सचिव पद पर डॉ. सनीत राय, डॉ. सुरेश कुशवाह, डॉ. संदीप उपाध्याय सहित अन्य चिकित्सकों को स्थान दिया गया है। संगठन मंत्री के रूप में डॉ. रामेश्वर सनोडिया, डॉ. प्रशांत सूर्यवंशी, डॉ. संतोष राय सहित अन्य चिकित्सकों को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं प्रचार मंत्री पद पर डॉ. मुनाफिक खान, डॉ. अशोक सनोडिया, डॉ. किशोर रजक समेत अन्य चिकित्सकों को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. मीना श्रीवास्तव, डॉ. तारुणी सनोडिया, डॉ. हर्ष राय, डॉ. संगीता सनोडिया सहित अन्य चिकित्सकों को शामिल किया गया। नगर अध्यक्ष पद पर डॉ. इस्माइल मसूरी तथा ब्लॉक सिवनी अध्यक्ष पद पर डॉ. अवधेश वर्मा को जिम्मेदारी दी गई है।

---

# ट्रक चालकों का विरोध, आरटीओ वाहन में तोड़फोड़

**सिवनी नवभारत।** जिले के कुरई थाना क्षेत्र में स्थित मेटेवानी चेकपोस्ट पर मंगलवार रात तनाव की स्थिति बन गई। एक ट्रक चालक के साथ कथित मारपीट के बाद 100 से अधिक ट्रक चालकों ने विरोध प्रदर्शन किया और आरटीओ वाहन में तोड़फोड़ की।





जानकारी के अनुसार, मेटेवानी आरटीओ चेकपोस्ट पर वाहनों की नियमित जांच चल रही थी। इसी दौरान चेकिंग कर्मियों और एक ट्रक चालक के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर चालक के साथ मारपीट की गई। इस घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में अन्य वाहन चालक मौके पर जमा हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

आक्रोशित चालकों ने चेकपोस्ट पर खड़े आरटीओ के एक वाहन को पलट दिया और उसमें तोड़फोड़ की। उन्होंने पास बनी एक कच्ची झोपड़ी में भी आग लगा दी। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें चालक विरोध प्रदर्शन करते दिख रहे हैं।

स्थिति बिगड़ते देख आरटीओ अधिकारी और कर्मचारी मौके से हटकर सुरक्षित स्थान पर चले गए। उसी दौरान कुरई पुलिस बादलपार क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने पीड़ित चालक से शिकायत दर्ज कराने को कहा, लेकिन चालक कुरई थाने जाने के बजाय महाराष्ट्र की ओर चला गया।

इस हंगामे के कारण नेशनल हाईवे-44 पर लगभग 15 मिनट तक यातायात प्रभावित रहा। हालांकि, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद यातायात सामान्य हो गया।

घटना की जानकारी मिलने पर आरटीओ, तहसीलदार और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ अधिकारी देवेश बाथम ने बताया कि मामले की जांच जारी है। कुरई थाना प्रभारी कृपाल सिंह तेकाम ने कहा कि पीड़ित चालक की तलाश की जा रही है ताकि वास्तविक घटनाक्रम का पता चल सके।

---

## आदर्श महिला परिषद ने निकाली मौन रैली




**सिवनी नवभारत।** आदर्श महिला परिषद के तत्वाधान में मोंन रैली का आयोजन किया गया इस रैली में शामिल महिलाओं ने जिला प्रशासन को सौंप ज्ञापन में कहा है कि हम भगवान महावीर के शासनकाल के अहिंसा के पुजारी हैं वरना संपूर्ण समाज मिलकर आक्रोश प्रकट कर सकता था साधु समाज की बिहार के दौरान सुरक्षा की मांग को लेकर विशाल मौन रैली निकल गई।

विगत दिवस आकस्मिक समाधि मरण और निकृष्ट कृति के लिए सिवनी में मोहन रैली का आयोजन किया गया तथा राष्ट्रपति प्रधानमंत्री ‸ कोमुख्यमंत्री मध्य प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया है आदर्श महिला परिषद की प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी श्रीमतीअंजलि जैन ने बताया कि आज हम महिलाओं को सड़कों पर आकर साधुओं के सम्मान में हमारा स्वर मुखर करना पड़ा है यह हमारी आस्था और उन साधुओं के प्रति अशोक और आक्रोश था सड़कों पर लापरवाही नहीं अपमान है हमारे संतों का अभान है संतों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है आकस्मिक समाधि के लिए वक्त पर जैन और जागने के लिए जिन धर्म और संतों की रक्षा के लिए हमें अपना कर्तव्य निभाना है ।

---

## मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार, पेंच नहर पर उठाए सवाल और शूटिंग ट्रेनिंग सेंटर का हुआ शुभारंभ



**सिवनी नवभारत।** सिवनी विधानसभा में विकास कार्यों को लेकर सक्रियता तेज हो गई है। विधायक दिनेश राय ने क्षेत्र को विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों की सौगात मिलने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा भाटीवाड़ा-खैरी से किशनपुर मार्ग, हिनोतिया से पायली मार्ग तथा लामटा से बकौड़ी मार्ग को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विभागीय स्तर पर इन कार्यों की निविदा प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।



वहीं विधायक दिनेश राय मुनमुन ने पेंच व्यपवर्तन नहर निर्माण कार्य में लापरवाही और देरी को लेकर कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कलारबांकी क्षेत्र सहित कई स्थानों पर नहर निर्माण कार्य लंबे समय से बंद पड़ा है तथा कई जगह गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य हुआ है। विधायक ने बताया कि विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में पूर्व में निरीक्षण कर कार्य शीघ्र शुरू कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया।

जानकारी अनुसार कार्यपालन यंत्री प्रभाकर टेकाम के अवकाश पर चले जाने से भी कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानों को समय पर सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के लिए जल्द कार्य शुरू कराने की मांग की गई है। इसी क्रम में जबलपुर रोड स्थित ज्यारत क्षेत्र के होटल हर्ष इन में सिवनी डिस्ट्रिक्ट शूटिंग एसोसिएशन द्वारा स्थापित नवनिर्मित शूटिंग ट्रेनिंग सेंटर का शुभारंभ विधायक दिनेश राय मुनमुन के हाथों किया गया। इस अवसर पर रामकिशन बरकोरिया, प्रवेश राय हर्ष, आशीष दुबे, दिव्यांश राय, देवचंद सेन, अखिलेश सोलंकी, निभय बरमैया, दिनेश यादव एवं विनोद रघुवंशी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एयर पिस्टल और एयर राइफल से निशानेबाजी का प्रदर्शन भी किया गया।

---

**आयोजन** | जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति समाज को जागरूक करने का दिया संदेश

# गंगा दशहरा : सागर नदी तट पर स्वच्छता, पूजन एवं जागरूकता रैली आयोजित

**केवलारी नवभारत। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा उत्सव के पावन अवसर पर केवलारी क्षेत्र में सागर नदी तट पर स्वच्छता, पूजन एवं जनजागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद केवलारी के विकासखंड समन्वयक के मार्गदर्शन में नगर विकास प्रस्फुटन समिति केवलारी एवं नवांकुर संस्था माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।**




कार्यक्रम की शुरुआत सागर नदी तट की साफ-सफाई अभियान से हुई, जिसमें उपस्थित जनों ने श्रमदान कर नदी घाट एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजित जागरूकता रैली में जल बचाने, नदियों को स्वच्छ रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए गए। रैली के माध्यम से आमजन को जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अशोक बेन्द्रे, नवांकुर संस्था प्रमुख अशोक बंदेवार, नगर विकास प्रस्फुटन समिति प्रमुख बालकराम डहेरिया, अरुण साहू ,मेंटर्स रामकृष्ण डेहरिया सहित ग्राम के अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजित यह अभियान क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता का प्रेरणादायी उदाहरण बना।

## 1 मई से जारी समर कैंप में बच्चे सीख रहे खेल के साथ सुरक्षा के गुर

**छपारा नवभारत।** नगर के सुभाष ग्राउंड सहित शिशु मंदिर विद्यालय परिसर में योगा , फुटबॉल एवं कराते का 01 मई से समर कैंप अंतर्गत बच्चे ले रहे खेल के साथ सुरक्षा और जागरूकता का भी प्रशिक्षण। ज्ञात हो कि कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिवनी के दिशा निर्देश अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छपारा नगर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (समर कैंप) का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 01 मई से 31 मई तक संचालित है। समर कैंप का आयोजन खेल कोऑर्डिनेटर ओम शिवे,के मार्ग दर्शन में फुटबॉल कोच एनोस वैभव दास एवं कराते कोच गीतेश प्रजापति सुबह शाम बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे। उक्त शिविर में योगा, कबड्डी, फुटबॉल, कराते सहित विभिन्न खेल गतिविधियों का समावेश किया गया है, जिसका उद्देश्य बच्चों में आत्मरक्षा कौशल विकसित करना तथा खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना है। वहीं शिविर में गत दिवस मंगलवार 26 मई को छपारा थाना से महिला उपनिरीक्षक मंजू



राहंगडाले एवं प्रधान आरक्षक विनोद बघेल ने उपस्थित होकर बच्चों को साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान, मोबाइल एडिक्शन नियंत्रण तथा सामाजिक विषयों पर जागरूक किया। उन्होंने बच्चों के साथ संवाद करते हुए उन्हें सुरक्षित डिजिटल उपयोग और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने-अपने खेल कला कौशल का प्रदर्शन करते हुए अब तक की उपलब्धियों को अधिकारियों के समक्ष साझा किया। उपस्थित अधिकारियों ने बच्चों की प्रतिभा और खेलों के प्रति उनके उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं समर कैंप के माध्यम से बच्चों में शारीरिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता को भी बढ़ावा मिल रहा है।

---

## 86 किलो गांजा सहित दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत। जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत लखनादौन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 86.600 किलोग्राम गांजा और एक कार सहित कुल 51.30 लाख रुपये का मशरूका जब्त करते हुए दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है।**



पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक स्क्क49 ष्ट 3251 में नागपुर से भोपाल की ओर बड़ी मात्रा में गांजा ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही एसडीओपी अपूर्व भलावी के नेतृत्व में थाना प्रभारी लखनादौन निरीक्षक के.पी. धुर्वे और थाना प्रभारी छपारा खैमेन्द्र जैतवार ने संयुक्त टीम बनाकर बम्होडी ब्रिज के पास घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई। पूछताछ में कार सवार आरोपियों ने अपने नाम जाकिर मिया निवासी भोपाल एवं कमल जाटव निवासी भोपाल बताए। कड़ी पूछताछ के बाद आरोपियों ने कार की सीट के नीचे बनाए गए विशेष चैम्बर में गांजा छिपाकर रखना स्वीकार किया। तलाशी के दौरान 15 पैकेटों में कुल 86.600 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर गांजा एवं वाहन जब्त कर लिया।

**ग्राम पंचायत कुसीर्पार जनपद पंचायत बरघाट**

**में पंचायत सामग्री खरीदी को लेकर निविदा जारी**

सिवनी जिले की जनपद पंचायत बरघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसीर्पार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के पंचायत अंतर्गत संचालित समस्त योजनाओं के तहत निर्माण एवं मरम्मत कार्यों हेतु आवश्यक सामग्री और कार्यों के लिए इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए गए हैं।

जारी सूचना के अनुसार रेत, गिट्टी, मुरम, सीमेंट, लोहे की रॉड, सीमेंट पाइप (1000 एम.एम. एवं 600 एम.एम.), पानी टैंकर, परिवहन हेतु ट्रैक्टर किराया सहित अन्य सामग्री एवं सेवाओं के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। साथ ही कार्यालय उपयोग हेतु टेबल, कुर्सी, दरी आदि सामग्री के लिए भी कोटेशन मांगे गए हैं।

कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026 से 31-3-2027 तक निर्धारित की गई है। इच्छुक फर्में कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत कुसीर्पार में अपना कोटेशन जमा कर सकती हैं। पंचायत द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बिना कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

यह सूचना ग्राम पंचायत कुसीर्पार के आदेशानुसार जारी की गई है।

**ग्राम पंचायत कुसीर्पार जनपद पंचायत बरघाट**